दिनांक 07.10.2017 जनपद कानपुर देहात की भ्रमण आख्या

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 के निर्देशानुसार 11वें कॉमन रिव्यू मिशन दल के भ्रमण पूर्व जनपद कानपुर देहात का भ्रमण दिनॉक 07.10.2017 को किया गया। जनपद में कम्यूनिटी प्रोसेस की गतिविधियों को सुदृढ़ता प्रदान करने हेतु सुझाव दिये गये एवं ब्लाक कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धकों की समीक्षा बैठक कर निर्देशित किया गया जिनका विवरण बिन्दुवार निम्नवत् है :–

आशा संगिनी प्रशिक्षण–

- जनपद स्तर पर आयोजित किये जा रहे आशा संगिनी के प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया गया। उपस्थित आशा संगिनियों को जनपद में सी.आर.एम. दल के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी एवं उनके अधीन कार्यरत आशाओं के वी.एच.आई.आर. एवं अन्य अभिलेखों को सी.आर.एम. दल के भ्रमण करने से पूर्व तैयार करने के निर्देश दिये गये।

ब्लाक कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक समीक्षा बैठक–

- ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धकों को महाप्रबन्धक द्वारा निर्देशित किया गया कि अपने विकास खण्ड की प्रोफाइल (कम्युनिटी प्रोसेस एक दृष्टि में) तैयार करना सुनिश्चित करें।
- साथ ही समस्त आशाओं एवं आशा संगिनियों के अभिलेखों (वी.एच.आई.आर. एवं संगिनी डायरी) को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- विकास खण्ड की समस्त आशाओं के पास लॉजिस्टिक की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये जिसमें आशा ड्रग किट, एच.बी.एन.सी. किट, परिवार नियोजन के साधन इत्यादि सम्मिलित हैं।
- सी.आर.एम. दल भ्रमण के दौरान आयोजित किये जाने स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के सत्रों (दिनांक 04 व 08 नवम्बर, 2017) क्रमशः शनिवार व बुधवार की तैयारी पूर्ण कर ली जाये जिसमें स्थल, लॉजिस्टिक, ड्यू लिस्ट इत्यादि सम्मिलित हैं।
- आशाओं एवं आशा संगिनियों के समस्त लम्बित भुगतान नियमानुसार कर दिये जायें व माह अक्टूबर, 2017 का भुगतान दिनांक 02 नवम्बर, 2017 तक अवश्य कर दिया जाये। आशा भुगतान के वाउचर, बैंक एडवाइज व पी.एफ.एम.एस. प्रति को माहवार सुरक्षित रखा जाये तथा आशा मास्टर पेमेन्ट रजिस्टर को भी तैयार किया जाये।
- रोगी कल्याण समिति की बैठक प्रतिमाह आयोजित की जाये एवं किये गय व्यय के बिल–वाउचर्स को सुरक्षित रखा जाये तथा समिति का ऑडिट अवश्य कराया जाये।
- जनपद स्तर पर एफ.एम.आर. प्रेषित करने से पूर्व विश्लेषण अवश्यक कर लिया जाये कि किये गये समस्त व्यय को माह की रिपोर्ट में बुक कर दिया गया है।
- ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों के खाते में आवश्यक परिवर्तन कराया जाये एवं बैठक की कार्यवृत्ति को वी.एच.एस.एन.सी. पंजिका में दर्ज किया जाये।
- जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित जनपद स्तरीय बैठक में प्रतिभाग किया गया (कार्यवृत्त संलग्न)

Rajkishor Tripathi

(डा0 राज किशोर त्रिपाठी)
प्रशिक्षण एवं अनुश्रवण अधिकारी
एन.एच.एम.–एस.पी.एम.यू.
लखनऊ

(डा0 राजेश झा)
महाप्रबन्धक–कम्युनिटी प्रोसेस
एन.एच.एम.–एस.पी.एम.यू.
लखनऊ